मुख्यमंत्री ने श्री जयनारायण व्यास स्मृति भवन टाउन हॉल का किया लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

3 सितंबर, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के जोधपुर ज़िले में पट्टिका का अनावरण कर श्री जयनारायण व्यास स्मृति भवन टाउन हॉल का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 11.50 करोड़ रुपए की लागत से नवीनीकृत इस 60 साल पुराने टाउन हॉल के द्वारा स्व. व्यास की स्मृतियों के संरक्षण के साथ-साथ कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शन हेतु एक उपयुक्त वातावरण मिल सकेगा।
- विदित है कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व. जयनारायण व्यास का कला से गहरा नाता था। उन्होंने जीवन में कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि नृत्य, नाटक एवं संगीत कला को प्रोत्साहन देने के लिये जयपुर के रवींद्र मंच को मल्टी कल्चरल सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार अपनी योजनाओं से लोक कलाओं के संरक्षण एवं कलाकारों को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा कोरोनाकाल में कलाकारों को आर्थिक संबल उपलब्ध करवाया गया।
- 'लोक कला प्रोत्साहन योजना' के तहत कलाकारों को रोज़गार देने, नए वाद्य यंत्रों की खरीद के लिये राशि उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया गया है। प्रदेशभर में कला उत्सवों के आयोजन से कलाकारों को आजीविकोपार्जन में सहायता मिली है।
- राज्य सरकार ने 'कलाकार कल्याण कोष' के लिये 100 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं। पूर्व कार्यकाल में भी कलाकारों, लेखकों एवं साहित्यकारों हेतु अतिरिक्त बजट आवंटित किया गया था।
- इस दौरान मुख्यमंत्री ने 'भारत का संविधान-राजस्थानी अनुवाद'पुस्तिका का विमोचन किया तथा राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के वर्ष 2023-24 के लिये वरिष्ठ नाट्य निर्देशन विधा में उदयपुर के भानु भारती को सर्वोच्च रत्न से सम्मानित किया।
- उन्होंने शास्त्रीय विधा में सुमन यादव, शास्त्रीय वादन वायलिन में रवि पंवार, शास्त्रीय नृत्य कथक विधा में गीता रघुवीर, लोक संगीत गायन में भूगड़े खाँ, लोक संगीत में परवीन मिर्ज़ा, लोक नृत्य में डॉ. रूपसिह शेखावत, लोक कला कठपुतली में खैरातीराम भाट, लोक नाट्य में दिलीप भट्ट, सुगम संगीत में रफीक सागर, नाट्य-लेखन में अशोक राही, नाट्य-अभिनय में गीता भट्टाचार्य, नाट्य-निर्देशन में साबिर खान को सम्मानित किया।
- इनके अलावा नाट्य-रूप सज्जा में राधेलाल, कला समग्र साधना में शरद कुमार तैलंग को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- मुख्यमंत्री ने शास्त्रीय गायन विधा में सौरभ वशिष्ठ, तबला वादन में अशीष रागवानी, कथक नृत्य में चारू शर्मा, भपंग वादन में युसुफ खान मेवाती, सुगम संगीत गायन में स्वागत राठौड़, रंगमंच में कविराज लईक को युवा पुरस्कार से सम्मानित किया।
- समारोह में पखावज वादन विधा में अबीर तिवारी, शास्त्रीय गायन में चैतन्य सहल, कथक नृत्य में तनिष्का श्रीवास्तव को बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurated-shri-jayanarayan-vyas-smriti-bhavan-town-hall